**केवल विभागीय उपयोगार्थ**

परिपत्र संख्या- / वर्ष 2010

पत्र संख्या-न्याय-व0प्र0अ0पटल--144 / 2010-11 / 1011059 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

( वाद अनुभाग )

लखनऊ :: दिनांक :: 16 :: ~~अक्टूबर~~ नवम्बर :: 2010

**समस्त डिप्टी कमिश्नर/असिस्टेन्ट कमिश्नर/**
**वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

विषय :- **मा0 उच्च न्यायालय में प्रतिशपथ पत्र दायर किये जाने के सम्बंध में प्रस्तरवार आख्या व नैरेटिव का अनुमोदन।**

माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल किये जाने वाले प्रतिशपथ पत्र के मामलों में अधिकारियों द्वारा दाखिल प्रस्तरवार आख्या/नैरेटिव के अनुमोदन के सम्बन्ध में मुख्यालय के परिपत्र संख्या-0910038 दिनांक 30-7-2009 द्वारा पूर्व में ही यह निर्देश दिये गये है कि प्रस्तरवार आख्या/नैरेटिव का अनुमोदन ज्वाइन्ट कमिश्नर के स्तर के अधिकारी से अनुमोदित किये जाने के पश्चात ही मा0 न्यायालय में दाखिल किया जाय, परन्तु यह पाया जा रहा है कि अब भी इसका अनुपालन नही हो रहा है।

अत: निर्देश दिये जाते है कि मा0 उच्च न्यायालय में दाखिल याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र दायर किये जाने से सम्बन्धित कर-निर्धारण अधिकारी/प्रर्वतन अधिकारियों द्वारा जो प्रस्तरवार आख्या/नैरेटिव तैयार किया जाय उसका अनुमोदन ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)/ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0) जैसी भी स्थिति हो, के द्वारा अनुमोदन के पश्चात् ही मा0 न्यायालय/स्थायी अधिवक्ता के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। इसके अतिरिक्त जिन मामलों में प्रस्तरवार आख्या व नैरेटिव विरोधादेश निर्गत किये जाने अथवा अन्य कार्य हेतु मुख्यालय प्रेषित किया जाना हो, उनमें भी उपर्युक्तानुसार ही अनुमोदन के पश्चात् मुख्यालय प्रेषित किया जाय।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

16/11/10
**( चन्द्रभानु )**
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पृ0पत्र संख्या व दिनांक उक्त।**

**प्रतिलिपि**-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।
2- एडीशनल कमिश्नर(विधि) वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।
3- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0।
4- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/2(उ0न्या0कार्य) वाणिज्य कर, इलाहाबाद/लखनऊ।
5- ज्वाइन्ट कमिश्नर(सर्वो0न्या0कार्य) वाणिज्य कर, गाजियाबाद।
6- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)/ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अधीनस्थ अधिकारियों से उपरोक्तानुसार अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
7- ज्वाइन्ट कमिश्नर(मैनुअल अनुभाग)वाणिज्य कर, मुख्यालय को 5 अतिरिक्त प्रतियों सहित।
8- समस्त अनुभाग अधिकारी, मुख्यालय, लखनऊ।

ज्वाइन्ट कमिश्नर(वाद)वाणिज्य कर
मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।